SOCIAL ACTIVITIES

तूफान न्यूज़

Mon, 30 Mar 2026 www.toofannews .com

Mon, 30 Mar 2026 LOGO वाराणसी।

महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

उपसंपादक :राकेश कुमार उपाध्याय

वाराणसी।महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज, गंगापुर, वाराणसी में आज रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित यातायात नियमों की जानकारी देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी यातायात गोमती जोन सोमवीर सिंह सिरोही ने अपने संबोधन में सुगम एवं सुरक्षित यातायात के नियमों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि "आपकी सावधानी ही आपको बड़ी से बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती है।"इसके साथ ही टीएसआई शिव वरन यादव ने विद्यार्थियों को सचित्र एवं सरल तरीके से यातायात नियमों की जानकारी दी और नियमों के पालन के महत्व पर जोर दिया।इस अवसर पर टीएसआई राकेश कुमार, यातायात सिपाही सुनील तिवारी, सुभाष चंद्र, धर्मराज यादव, राम जी तिवारी सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. संजीत कुमार, डॉ. शिव कैलाश, डॉ. चंद्र प्रकाश शुक्ला, डॉ. अभय कुमार शर्मा, डॉ. सत्य प्रकाश सिंह, शिव शंकर सरोज, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. अनुराधा सिंह, माधवी श्रीवास्तव, डॉ. शिवंभरी मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अखिलानंद सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।

एन एस एस के स्वयंसेवकों ने यातायात जागरूकता रैली निकालकर दिया सड़क पर चलने के नियमों की जानकारी

संपर्क दूत ◀◀ एस के विकास

वाराणसी/-शासन के निर्देश के क्रम में महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रोड सेफ्टी क्लब के निर्देशन में यातायात जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर नियमों की जानकारी दी।महाविद्यालय के राजातालाब परिसर से जीटी रोड पुलिस चौकी तक पुनः वापस राजातालाब परिसर तक रैली में स्वयंसेवकों ने सड़क पर दो पहिया बाहन चला रहे चालकों को हेलमेट पहनने के लिए सुझाव दिया।चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने के लिए जानकारी दी।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पुरुषोत्तम सिंह ने रैली को रवाना किया।स्वयं सेवकों को यातायात के नियमों की शपथ दिलाई।शपथ कार्यक्रम में रोड सेफ्टी क्लब के सभी सदस्य प्रो शैलेंद्र कुमार सिंह,डॉ सत्य प्रकाश सिंह,डॉ अभय कुमार शर्मा,अंगद प्रसाद यादव डॉ अनुराधा सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अखिला नन्द सिंह,डॉ अर्चना सिंह एवं समस्त स्वयंसेवक शामिल रहे।

Matadan Sapath



सामाजिक उत्कर्ष में महिलाओं की भूमिका–प्रो आलोक कुमार कश्यप

जकरिया मेल

वाराणसी।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराज बलवंत सिंह पी जी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में

व्याख्यान का आयोजन किया गया। आज के व्याख्यान में वक्ता के रूप में प्रो आलोक कुमार कश्यप (समाजशास्त्र विभाग) ने महिला कैसे आगे बढ़ते हुए पूरे परिवार को आगे बढ़ाती है, अनेक उदाहरणों से बताया। इसी क्रम में डॉ रेनू कुमारी, डॉ संगीता, डॉ सत्य प्रकाश सिंह , डॉ दुर्गेश कुमार पांडेय, अंगद प्रसाद यादव, डॉ अभिषेक अग्निहोत्री सहित सभी अध्यापकों ने अपने उद्‌बोधन के माध्यम से आदर्श महिलाओं के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी और कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात् जहां स्त्रियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं. इसका मतलब यह भी है कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां अच्छे काम होते हैं। तत्पश्चात मिशन शक्ति की संयोजिका डॉ आशा कुमारी ने वर्तमान सरकार के द्वारा महिलाओं के उत्थान में किए जा रहे कई कार्यों का उल्लेख किया। महिला आज कितनी सशक्त और समर्थ है इसको भी अपने उद्‌बोधन में उन्होंने सभी विद्यार्थी को बताया। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय की कई छात्राओं ने भी अपने विचार सभी के समक्ष रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंका देवी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशा कुमारी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

Mission Shakti